# वृक्षों का महत्त्व (अनुच्छेद)

वृक्ष हमारे लिए बहुत लाभदायक हैं। इनके गुणों की जितनी प्रशंसा की जाए, उतनी ही कम है।

वृक्ष अपने लिए कुछ नहीं माँगते। बस संसार को देते ही रहते हैं। दान देना तो कोई इनसे सीखे। सुहावनी ठंडी छाया; फल-फूल, लकड़ी, कागज़, कपड़ा, भोजन और भी बहुत सारी चीज़ें हमें वृक्षों से ही प्राप्त होती हैं। कई वृक्षों की जड़ों, पत्तियों, फलों और तने की छाल से दवाइयाँ बनती हैं। पशु-पक्षियों, कीड़े-मकोड़ों को पेड़ों पर बसेरा मिलता है।

वृक्ष वायु को शुद्ध करते हैं और प्रदूषण को कम करते हैं।